**श्री उपसभापति** : इस पर फैसला हो चुका है ।

**श्री सत्यपाल मलिक** : . . . स्टेट गवर्नमेंट के ऊपर जहां से जानकारी मिली है, किसके ऊपर रेसपांसिबिलिटी, फिक्स करेंगे, सदन को रोज-रोज गुमराह करने के लिए । इस पर मैं आपकी व्यवस्था चाहता हूं ।

**श्री उपसभापति** : जब कोई विशेष प्रश्न उठाया जाएगा उस पर निर्णय चेयरमैन देते हैं । यदि आप रूल में कोई परिवर्तन लाना चाहते हैं तो आप रूल कमेटी के पास सुझाव भेज सकते हैं ।

**श्री रामेश्वर सिंह** : श्रीमन्, . . . *(Interruptions)* श्रीमन्, मैंने स्पेशल मेंशन. . . *(Interruptions)* स्पेशल मेंशन में . . . *(Interruptions)* हरिजनों का सवाल उठा रहे हैं . . .

*(Interruptions)*

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Reported huge financial Loss being incurred by the Food Corporation of India

SHRI RAMANAND YADAV (Bihar): Sir, I call the attention of the Minister of Agriculture and Rural Reconstruction to the reported huge financial loss being incurred by the Food Corporation of India every year due to mismanagement, bad istorage, pilferage of foodgrains by the employees, contract labour system prevalent in the Corporation, closure of many godowns, and frequent strikes in the Corporation and the steps taken by Government in this regard.

SHRI U R. KRISHNAN (Tamil Nadu): Sir

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Krishnan, please take your seat.

**श्री उपसभापति** : जितने माननीय सदस्य हैं, सभी व्यवस्था के प्रश्न पैदा करना चाहते हैं । कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (बिहार)** : श्रीमन्, मेरा व्यवस्था का प्रश्न ।

**श्री उपसभापति** : कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : आप मेरी बात तो सुनिये । व्यवस्था का प्रश्न है ।

**श्री उपसभापति** : मैंने मंत्री जी को काल किया है, वह आने दीजिए । माननीय मंत्री जी ।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : मुझे किसी घटना के बारे में कहना है ।

**श्री उपसभापति** : बीस मिनट आपके व्यवस्था के प्रश्न सुनते हो गए । यह तरीका ठीक नहीं है । आप सदन की कार्यवाही किसी तरीके से नहीं चलने देंगे । हर बात में व्यवस्था पैदा करना चाहते हैं ।

**श्री हुक्म देव नारायण यादव** : चेयरमैन ने यह मान लिया है । क्या हमारे जैसा आदमी कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठा सकता ।

**श्री उपसभापति** : बताइये, क्या है ?

**श्री हुक्म देव नारायण यादव** : संविधान के तहत जिस समय संसद् सदस्य के रूप में हमने शपथ ली, आपने शपथ दिलवाई कि मैं भारत के संविधान को अक्षुण्ण बनाए

रखूंगा और इसकी रक्षा करूंगा तथा अपने कर्तव्य का निर्वाह करूंगा । मैं जो कुछ भी यहां करता हूं अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वाह करता हूं । . . . *(Interruptions)* अगर इस तरह की कार्यवाही मैं करूं और इसके चलते बाहर अगर कोई निदेश हो कि इस तरह की कार्यवाही करने वालों पर सरकार बाहर निगरानी रखे तो क्या मैं अपने कर्तव्यों का निर्वाह यहां पर नहीं कर सकता हूं ? अगर इस तरह से सर्कुलर के जरिए बाहर इस तरह की धमकी हमें मिलेगी तो मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह हमारे अधिकारों को दबाया जा रहा है या नहीं, हमारे कांस्टीट्यूशनल राइट्स को कम किया जा रहा है या नहीं ? यह मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।

**श्री उपसभापति** : यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। ऐसा कोई प्रश्न सदन के सामने नहीं है । माननीय मंत्री जी ।

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (RAO BIRENDRA SINGH): Mr. Deputy Chairman, Sir, the Food Corporation of India functions as the agent of the Government of India in the matter of handling of foodgrains, fertilisers and levy sugar. The operations performed by the Corporation are on cost basis and the question of incurring any financial loss in these operations does not, therefore, arise. On the small commercial operations undertaken by it, the Corporation makes a marginal profit.

The procurement prices as well as the issue prices for foodgrains, fertilisers and levy sugar are fixed by the Government of India. In regard to foodgrains, the Government, as a matter of social policy, have been subsidising the prices of the grains issued from the Central pool for public distribution system. The issue prices of foodgrains are much lower than the total costs and thus are subsidised from public exchequer. This subsidy to the consumer is channelised through the Food Corporation of India.

Over the years F.C.I, has been called upon to handle ever increasing quantities of foodgrains involving handling operations of very large magnitude. In 1970-71, the total quantities handled by F.C.I, both from internal procurement as well as imports came to 15.9 million tonnes. In 1976-77, this quantity increased to the level of 21.3 million tonnes. In 1978-79, the F.C.I, handled a record quantity of 22.8 million tonnes of foodgrains. I would particularly like to mention the good work done by F.C.L. in rushing food supplies to the drought affected States during 1979. Hon. Members are aware that it was a year of unprecedented drought when a very large part of our country was affected by drought conditions. Food Corporation of India supplied a total quantity of 17.5 million tonnes of foodgrains both for public distribution system and Food-for-Work Programme during January, 1979 to June, 1980. This figure represents a performance rendered possible by a record movement of good grains from the northern region to the rest of the States.

It should be obvious that when such large quantities of foodgrains, which in their nature are subject to damage and decay, are handled involving their movement throughout the country, some damage and loss is bound to occur. During the procurement season enormous quantities have to be purchased, bagged and transported from the *mandis* within a short period of 2-3 months. Some times the damage is caused to the foodgrains by factors beyond human control such as excessive rain, cyclone and such other natural factors. Damage some times is also caused while the stocks are in transit by factors for which the Corporation cannot be held responsible. All cases of damage and loss are properly investigated and steps are taken by the F.C.I, to keep

[Rao Birendra Singh]

these losses as low as possible. It has also to be remembered that there is bound to be some loss on account ef shrinkage, due to difference in the moisture in the grain at the time of procurement and at the time of issue. The loss on account of transit and storage including shrinkage during the last three years as percentage of purchases and sales has been as follows:

1977-78 .. 1.2 per cent. 1978-79 .. 1.3 per cent. 1979-80 .. 1.3 per cent.

It would be appreciated by the Hon. Members that these losses have been within reasonable limits.

The Food Corporation of India is a very huge public sector undertaking with over 70,000 employees of all description. Different types of functions are performed by different categories of employees and labour problems have been handled in accordance with the labour laws. Management of the Corporation has always welcome discussion with the unions of the Corporation employees for settling the disputes.

The Corporation has a total number of 2,135 depots out of which labour has been departmentalised in 42 depots, while in 47, it has been brought under the direct payment system. According to studies conducted by the F.C.I, the experience of the Corporation with the departmentalised labour has not been vey happy and because of low productivity, high costs and disproportionately high idle labour, the Corporation has not extended the departmentalisation of labour to other godowns.

There have been no strikes by the officers of the Corporation. The employees of the Corporation have also not gone on strikes frequently; they have, however, resorted to work-to-rule agitation occasionally for ventilating their grievances. These were promptly settled through mutual discussions between the management and the representatives of the All India Unions *ot* the Corporation's employees as a result of which normalcy was restored.

**श्री रामानन्द यादव** : उपसभापति महोदय, जैसा कि मंत्री जी ने बताया कि फूड कारपोरेशन श्राफ इंडिया में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं, बड़े ही सुन्दर ढंग से चल रहा है, मुनाफे में चल रहा है। लेकिन बात ऐसी नहीं है श्रौर ऐसा मालूम नहीं होता है। उसके रिकार्ड को देखा जाये तो यह लगता है कि फूड कारपोरेशन श्राफ इंडिया में इतनी गड़बड़ी है, इतना भ्रष्टाचार है, इतना गोल माल है श्रौर इतने लास में रन कर रहा है कि जिसकी इन्तिहा नहीं है। इसी बात से यह देखा जा सकता है कि करीबन 6 सौ करोड़ रुपया प्रति वर्ष भारत सरकार को इस कारपोरेशन को सब्सिडी के रूप में देना पड़ता है श्रौर सब्सिडी में देने का मतलब केवल श्रन्न के भाव को कम करके जनता में वितरित करना ही नहीं बल्कि उसका भार श्रौर मदों में भी जाता है। उपसभापति महोदय, जैसा कि मंत्री जी ने बताया कि इसमें दो हजार से श्रधिक डिपो हैं। इसमें करीबन 70 हजार इम्प्लाईज हैं जिनमें 25 हजार मजदूर हैं जिनका काम होता है, लोडिंग श्रनलोडिंग, तौलना, गोदामों से निकालना, माल बाहर ट्रकों पर चढ़ाना, स्टेशन से रेल से उतारना, लाना, ट्रक पर लादना श्रादि। उपसभापति महोदय, पिछली जो सरकार थी, जनता सरकार के भी पहले श्रौर जनता सरकार के बाद में भी जो 25 हजार मजदूर कान्ट्रैक्ट लेबर के माध्यम से काम करते थे उसमें से 10 हजार को परमानेन्ट बना दिया गया, यह सोचकर कि इनके परमानेंट बन जाने से श्रच्छा काम होगा श्रौर सन्तोषप्रद होगा। रिपोर्ट को श्राप देखेंगे तो ऐसा लगेगा कि सन्तोषप्रद है।

लेकिन मंत्री जी कह रहे हैं कि उनका काम सन्तोषप्रद नहीं है । तीन हजार मजदूर डिपार्टमेंटल बनाये गये हैं । डिपार्टमेंटल मजदूर जो काम करते हैं और लेबर कान्ट्रैक्ट के माध्यम से जो 10 हजार मजदूर काम करते हैं, अगर उसको आप देखेंगे दोनों की तुलना करेंगे, मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि आप गवर्नमेंट से या आपका विभाग जो एफ० सी० आई० को डील करता है उससे सारी रिपोर्ट मंगा लीजिए । और रिपोर्ट मंगवा करके आप निर्णय कीजिए, देखिए कि कैसे काम होता है । जो डिपार्टमेंटल मजदूर होता है, उसके काम के नार्म्स होते हैं, तरीके होते हैं । अगर वह सौ बोरी ढोने का है, तो सौ बोरी जिसे फाजिल ढोयेगा तो उसको कुछ पैसे मिलेंगे । लेकिन कन्ट्रैक्ट लेबर के माध्यम से जो मजदूर काम करता है, उसमें अधिक घाटा है, उसके साथ नार्म्स नहीं हैं । कन्ट्रैक्ट लेबर पर काम करने वाले जो बारह हजार मजदूर हैं, कभी-कभी ऐसा होता है, कि यह कन्ट्रैक्टर्ज रुपया लेकर के भाग जाते है क्योंकि उनकी जिम्मेवारी पेमेंट करने की रहती है, एफ० सी० आई० की नहीं रहती है । अब सुप्रीम कोर्ट ने आर्डर दिया है कि जो प्रिन्सिपल एम्प्लायर है, फूड कारपोरेशन, उसकी जिम्मेदारी होती है कि पेमेंट जो कन्ट्रैक्ट लेबर को कंट्रैक्टर के माध्यम से होती है, उसकी अगर पेमेंट नहीं होती है, तो उसकी जिम्मेदारी फूड कारपोरेशन पर है । लेकिन इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है । फूड कारपोरेशन में जो कांट्रैक्टर हैं, जो लेबर को एम्प्लाई करता है, दस को करेगा और पचास का बिल बनाएगा, छन्नी लगाएगा कन्ट्रैक्टर लेबर के माध्यम से, कहेगा कि ऐक्स्ट्रा काम कर लिया और गोदाम के मालिक से सर्टिफिकेट लेकर के फाजिल बिल बना लेता है और इस तरह से कन्ट्रैक्ट लेबर के माध्यम से बहुत बड़ा शोषण और नुकसान फूड कारपोरेशन आफ इंडिया को है ।

श्रीमन्, हम लोगों की यह मांग है कि एम्प्लाईज, मजदूर खास करके उनको एन्टायर्ली आप डिपार्टमेंटल कर दीजिए। आप आबजर्व कीजिए क्योंकि यह पर्मानेंट वर्क है, कोई सीजनल नहीं है, साल भर अनाज आता-जाता रहता है । देश बहुत बड़ा है, किसी न किसी प्रांत में अगर कहीं अकाल पड़ता है तो कहीं बाढ़ आती है, तो इन मजदूरों को अनाज निकालने, किसी सीजन में उतारना, कभी ट्रक पर लाद कर बाहर ले जाने की जरूरत पड़ती है । इसलिए फूड कारपोरेशन आफ इंडिया से जो कन्ट्रैक्ट सिस्टम आफ लेबर है, उसको हटा देने की व्यवस्था होनी चाहिये और पर्मानेंट वर्क हो। कन्ट्रैक्ट वर्कर और डिपार्टमेंटल वर्कर में किसी तरह का भी भेद नहीं होना चाहिए ।

श्रीमन्, मैं आपके जरिए सरकार को यह बताना चाहता हूं कि मिसमैनेजमेंट किस तरह से फूड कारपोरेशन में है । स्टाक-पाइलिंग के लिए व्यवस्था है । आज आप चले जाइए--फूड कारपोरेशन का गोदाम जहां बाहर है वहां वर्षा से काफी अनाज बरबाद हो रहा, सड़ रहा है। कोई केयर करने वाला नहीं है । कोई फूड कारपोरेशन का अपना काडर नहीं है। आई० ए० एस० अफसर बाहर से जाते हैं और उसको रूल करते हैं, टैम्पोरेरी अफसर बाहर से आए और लूट-पाट करके चले जाते हैं । इसलिए उसको बहुत नुकसान है । वहां पर कोई रूल्स रेग्यूलेशन्स नार्म्स नहीं हैं, कोई सर्विस कंडिशंस नहीं हैं और किसी तरह का एक्ट उस पर लागू नहीं है । यहां तक कि हरियाणा और पंजाब का जो फूड कारपोरेशन आफ इंडिया

[श्री रामानन्द यादव]

की ब्रांच है, वह रजिस्टर्ड तक नहीं है और कांट्रेक्ट लेबर रेग्युलेशंस एंड अबालिशन एक्ट के सिस्टम के तौर पर कन्ट्रक्टर को जो रजिस्ट्रेशन कराना चाहिये, वह भी नहीं है। तो सरकारी प्रतिष्ठान भी रजिस्टर्ड नहीं है और कन्ट्रक्टर लाइसेंस नहीं होता है ; (*Time ball rings*) और बिना लाइसेंस लेकर बेलगाम से वह काम करता रहता है जिससे कोई जिम्मेदारी उसके सिर पर नहीं रहती है।

अब मैं आपके सामने पिलफ्रेज के एक-दो उदाहरण देना चाहता हूं। गया में एक गोदाम है, वह शहर के पास में गोदाम है। उस गोदाम में करीबन 80 लाख रुपए का गेहूं पड़ा हुआ था उसमें आग लगा करके जला दिया। इसलिए जला दिया गया कि अधिकांश गेहूं बेच दिया गया था। वहां के पुलिस सुपरिटेंडेंट इन्क्वायरी के लिए गए। इंक्वायरी करके उस आदमी ने पता लगाया और अपनी रिपोर्ट दी कि पटरी उस गोदाम में रखा गया था आग लगाने के लिए और गोदाम का जो इन्चार्ज था, आग लगने के बाद भाग गया और पलादार जो वहां थे वे उसको बुझाये नहीं। 5 दिन तक आग जलती रही और वह एकदम जल कर खाक हो गया। गया के पुलिस अधीक्षक ने रिपोर्ट दी है कि उसके मुलाजिमों का हाथ है।

उसपभापति जी, अमृतसर के पास करीबन 1977 से 30,000 टन गेहूं सड़ रहा है और आज तक उसके सम्बन्ध में कुछ नहीं किया। हाल में आंध्र प्रदेश में 200 क्विटल धान 6 रु० क्विटल पर बेच दिया गया जब कि गनी बैग का ही दाम 7 रु० प्रति गनी बैग है। आप सोचिए कि 200 क्विटल धान आंध्र प्रदेश के मंचोरियल गोदाम से बेच दिया गया यह कह कर कि वह सड़ गया है। वह 6 रु० क्विटल बेच दिया गया जब कि एक गनी बैग का दाम अकेले 7 रु० होता है। उस सदन में भी यह प्रश्न उठा और यहां भी उठा. . . (*Time bell rings*)

श्री उपसभापति : समाप्त करिए।

श्री रामानन्द यादव : उसपसभापति महोदय, रांची के दैनिक अखबार में निकला कि पंजाब से गेहूं चला खाली, ओपन बैगन में . . .

श्री उपसभापति : बहुत से उदाहरण होंगे . . .

श्री रामानन्द यादव : और उपभापति, जी, वहां जाते जाते वह गेहूं गायब हो गया। तो यह तो यहां अवस्था है . . .

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY (West Bengal): Is it only for the ruling party Members? (Interruptions) .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: First Member is given more time; others are given less time.

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY: Never more than five minutes or seven minutes. *(Interruptions).* It is more than seven or eight minutes. Please see the watch.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am controlling him. I am ringing the bell every time.

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY: You allow us also. *(Interruptions).*

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति जी, 44 करोड़ रु० की चोनी इस फूड कारपोरेशन के गोदाम से गायब हो गई।

बिलासपुर में एक कांड हुआ हुजूर । बिलासपुर से कोई ए.. बंगनी केन्द्र है जहां गेहूं जा रहा था . . .

**श्री उपसभापति** : अब उसके ब्यौरे में नहीं जाइए ।

**श्री रामानन्द यादव** : वह बीच में नहीं पहुंचा । ट्रक पर गया । वहां ट्रक पहुंचता नहीं था। उस गोदाम में दर्ज हो गया, वितरण भी हो गया। अब बिलासपुर का इंस्पेक्टर वहां पहुंचा तो देखा कि गोदाम में दर्ज हो गया है और उसका वितरण भी हो गया है । तो यह भी वितरण चार दिन अखबार में पढ़ लीजिए। फूड कारपोरेशन के अनाज को कोई कीमत नहीं । उसका कोई मां बाप ही नहीं।

**श्री उपसभापति** : अब मंत्री जी को जवाब देने दीजिए ।

**श्री रामानन्द यादव** : उपसभापति जी, बहुत से डिपो बन्द हो गए हैं।

**श्री उपसभापति** : वह आपने कह दिया ।

**श्री रामानन्द यादव** : उन्होंने कहा, कोई झगड़ा नहीं है । जम्मू और कश्मीर के 3 डिपो आज बन्द हैं, वहां पर लोग गोलियों से मारे गये हैं । हरियाणा में डिपो बन्द है, दिल्ली के पास डिपो बन्द है, उत्तर प्रदेश में डिपो बन्द है, और गवर्नमेंट अपने डिपो को बन्द करा के ठेके पर, बड़े-बड़े पूंजीपति जो फाइनेंशियल इंस्टाट्यूशंस से पैसा लेकर गोदाम बनाते हैं उनसे ले रही है । कहां की बात है ? गवर्नमेंट की पालिसी होनी चाहिये ठीक से इंतजाम करने की लेकिन फूड कारपोरेशन आफ इंडिया, मुझे ऐसा लगता है, ठीक से इंतजाम नहीं कर पा रहा है और यह भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, इसका प्रबन्ध ठीक ढंग से नहीं हो रहा है । इसकी जिम्मेदारी है सारे देश को भोजन वितरित करके खिलाना । मैं इस सम्बन्ध में प्रश्न पूछना चाहता हूं । मेरा प्रश्न है कि . . .

**श्री उपसभापति** : इतना समय लीजिएगा तो कैसे होगा ।

**श्री रामानन्द यादव** : प्रश्न तो पूछने दीजिए ।

**श्री उपसभापति** : आपने 12 मिनट का समय ले लिया । इसी तरह और मेम्बर लेंगे तो कैसे होगा ।

**श्री रामानन्द यादव** : इसी तरह के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर आपने लोगों को काफी समय दिया है ।

कान्ट्रेक्ट लेबर रेगुलेशन एंड एबोलिशन एक्ट 1970–71 जो पास हुआ क्या भारतीय खाद्य निगम इस एक्ट को मानता है ? दूसरा, भारतीय खाद्य निगम में जो 50 हजार समान मजदूर काम करते हैं उनमें विभेद नहीं होना चाहिये ।

**श्री उपसभापति** : वह आप कह चुके।

**श्री रामानन्द यादव** : क्या कांट्रैक्ट सिस्टम को फूड कारपोरेशन आफ इंडिया खत्म कर देना चाहता है ? तीसरा, क्या केन्द्रीय सलाहकार समिति ने भारतीय खाद्य निगम में ठेका प्रणाली को खत्म करने की सिफारिश एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट को की थी ?

**श्री उपसभापति** : अब समाप्त करिए ।

**श्री रामानन्द यादव** : क्या सरकार बतायेगी कि गोदाम से अन्न की चोरी करके ब्लैक में बेचने के अभी तक कितने मुकदमें भारत के विभिन्न प्रान्तों के कोर्टों में मुलाजिमों के खिलाफ दायर हैं, कितने में सफलता मिली है और उनमें कितना खाद्यान्न इनवाल्व करता है ?

[श्री रामानन्द यादव]

क्या सरकार खाद्य निगम में जो आज भ्रष्टाचार फैला हुआ है . . .

श्री उपसभापति : यह आप कितनी बार कह चुके हैं ?

श्री रामानन्द यादव : क्या भारत सरकार खाद्य निगम में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है कि उसकी इन्क्वायरी करने के लिए एक हाई-पावर इन्क्वायरी कमीशन बनाने की व्यवस्था करेगी जो खाद्य निगम की वर्किंग की ठीक से जांच करे और उसको किस तरह से मुनाफे वाला यूनिट बनाया जाय इस पर अपनी रिपोर्ट दे ?

श्री उपसभापति : कृपया समाप्त करिए बहुत हो गया ।

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY; Mr. Deputy Chairman . . .

श्री रामानन्द यादव: पुरबी जी, बैठिए । मैं आपसे अधिक बोल सकता हूं, आप नहीं बोल पायेंगी । मैं इन्टरफीयर नहीं करता हूं ।

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY; Mr. Deputy Chairman.. .

SHRI RAMANAND YADAV: What Deputy Chairman? You are interrupting me.

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY; Will you allow it? He is threatening me.

SHRI RAMANAND YADAV: You have interrupted me. It is your habit tp interrupt others.

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY; Mr. Chairman has given a ruling about time. If you allow him more time, we are also entitled to it. For us you say that the speech would not be recorded. What about him? That is why you are partial. There should be one standard for everybody.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: **Unlest** you cooperate, what can I do? I am not able to do anything without your cooperation.

श्री रामानन्द यादव : बैठो, बैठो, जानते हैं तुमको ।

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY; For $u_a$ you always $_sa_v$ **that** the speech would not be recorded **and** there is no time limit for them.

श्री रामानन्द यादव : सदन का समय आप ही बर्बाद करती हैं ।

श्री उपसभापति : अब आप समाप्त करिए ।

श्री रामानन्द यादव : एफ० सी० आई० में जो बाहर से डेप्यूटेशन कर लोग आये हैं क्या सरकार उन्हें भेज कर डिपार्टमेंट के लोगों में से प्रमोशन दे कर जिम्मेदारी की जगहों पर उन्हें रखने की व्यवस्था करेगी ?

श्री उपसभापति : 18 मिनट आप ले चुके हैं, बैठिए ।

श्री रामानन्द यादव : क्या सरकार इसका सेल्फ-काडर बनाने की व्यवस्था करेगी और डेपूटेशन पर आये लोगों को हटाने की कोशिश करेगी ।

श्री उपसभापति : मंत्री जी, जवाब दीजिए ।

SHRI NARASINGHA PRASAD NANDA (Orissa): Mr. Ramanand Yadav, why do you embarras» the Deputy Chairman when he is occupying the Chair?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Everybody is trying to embarrass me.

SHRI RAMANAND YADAV: **Mra.** Purabi Mukhopadhyay was taking **mjr** time.

श्री उपसभापति : जवाब देने दीजिए । सभी लोग कमेंट मत करिए ।

**श्रीमती पुरबी मुखोपाध्याय** : आपने उनका रिकार्ड किया है हमारे लिए रिकार्ड को मना करते हैं।

**श्री उपसभापति** : आप भी ऐसी बात कहेंगी तो रिकार्ड होगी । ठीक बात नहीं कहेंगी तो रिकार्ड नहीं होगा । *(Interruptions)*. हर वक्त ताना मारती हैं हर बार ताना मारती रहेंगी तो ठीक नहीं है। I know what is your view. You do whatever you like. I don't mind that thing. You have a right.

कृषि मंत्री जी

**राव बीरेन्द्र सिंह** : माननीय डिप्टी चेयरमैन साहब, जहां तक एफ०सी० आई० का जबर्दस्त आपरेशन है उसके हिसाब से अगर एफ० सी० आई० के बारे में एक-दो सवाल भी किये जायें तो उनका जवाब भी बहुत ही लम्बा-चौड़ा हो सकता है। जो आपने कालिंग अटेंशन एडमिट किया है उसका इतना बड़ा ग्राउंड हो सकता है, इतना स्कोप हो सकता है कि शायद कई दिन तक इस पर बहस चलती रहे। उसमें पिलफरेज, लोसिस, लेबर के सवाल, सबसिडी, स्टोरेज और दूसरे इशू भी आ सकते हैं । लेकिन बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा जो आनरेबुल मेम्बर ने उठाया जहां तक हो सकता है मैं मुख्तलिफ तौर पर उन शंकाओं को दूर करने की कोशिश करूंगा।

यह कहना गलत है कि 6 सौ करोड़ रुपया एफ० सी० आई० को उसकी ना-अहिलयत की वजह से देना पड़ता है कि फूड कारपोरेशन के सस्ते अनाज, उसके डिस्ट्रीब्यूशन और सबसिडी के ऊपर । एफ० सी० आई० की असल एडमिनिस्ट्रेटिव कोस्ट देखी जाए तो वह बहुत कम है । मैं हिसाब बता सकता हूं कि जितना पैसा सबसिडी का दिया जाता है चावल, गेहूं के ऊपर उस से साढ़े तेरह रुपए के करीब एक क्विंटल के ऊपर आब्लीगेटरी चार्जेज है इस मंडी का चार्ज है, बोरियों की कीमत है । सेल्स टैक्स देना पड़ता है । इसके साथ ट्रांसपोर्ट का खर्चा देना पड़ता है। स्टोरेज का खर्चा और इंटरेस्ट देना पड़ता है । लेबर भी है, फारवर्ड करने का चार्ज भी है । कहीं एफ० सी० आई० के अन्दर गोदामों के मूवमेंट का चार्ज है, एस्टाबलिशमेंट चार्ज है, बैंक कमीशन है । यह सब मिला कर 13 रुपए 34 पैसे एक क्विंटल पर खर्च आता है । मंडी वगैरह का आबलिगेटरी चार्ज है और बाकी चार्ज 6 रुपए के करीब आ जाता है । उसके बाद 19 रुपए 85 पैसे एक क्विंटल के ऊपर खर्च करना पड़ता है एफ० सी० आई० को । जो अनाज प्रोक्योर करते हैं उसको इशू करने से पहले उसमें ट्रांसिट फ्रेट, हैंडलिंग, गोदाम के स्टोरेज का खर्च और इंटरेस्ट देना पड़ता है । वह रुपया भी 18 रुपए के करीब एक क्विंटल पर पड़ता है । जैसा मैंने बताया एफ० सी० आई० का एडमिनिस्ट्रेटिव ओवर हैड चार्ज एक रुपया 63 पैसे एक क्विंटल पर आता है। यह समझना गलत होगा कि एफ० सी० आई० को नुकसान इसलिए उठाना पड़ता है कि एफ० सी० आई० की वर्किंग ठीक नहीं है ।

जैसा मैंने अपने स्टेटमेंट में बताया कि डिपार्टमेंट वर्कर्स 10 हजार के करीब हैं । बहुत से हमारे गोदाम ऐसे हैं जहां कांट्रेक्ट लेबर से काम होता है और बहुत से डायरेक्ट पेमेंट के गोडाउन हैं। इनका भी मैंने ब्यौरा दे दिया । अभी आनरेबुल मेम्बर श्री रामानन्द यादव ने कहा कि जहां डिपार्टमेंट लेबर है वहां काम अच्छा होता है और खर्चा कम

[राव बीरेन्द्र सिंह]

पड़ता है। यह बात उनकी बिल्कुल सही नहीं है। इस बारे में स्टेटमेंट में कहा गया है। उसके हिसाब से पता लगता है कि डिपार्ट-मेंट लेबर का हैंडलिंग करने पर एक टन पर 9 रुपये 78 पैसे खर्च होता है वहां कांट्रेक्ट लेबर का 6 रुपये खर्च होता है। अगर डिपार्टमेंट लेबर सुस्ती से काम करता है, कई दफा वह वर्क टु रूल पर भी आता है और दूसरे झगड़े भी शुरू हो जाते हैं तब तक एक टन के ऊपर डिपार्टमेंट लेबर का हेंडलिंग करने का 15 रुपये से ऊपर खर्च पड़ता है। यह ढाई गुणा के करीब है कांट्रेक्ट लेबर के मुकाबले में। यह साफ जाहिर है कि कांट्रेक्ट लेबर बहुत सस्ता पड़ता है। इसीलिए एफ० सी० आई० ज्यादातर कांट्रेक्ट लेबर के जरिये काम कराता है। श्री रामानन्द यादव ने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के कांट्रेक्ट लेबर रखे जाते हैं। उन्होंने पूछा कि कांट्रेक्ट रजिस्टर रखा है या नहीं ?

**श्री रामानन्द यादव** : मैंने बिना लाइसेंस की बात पूछी है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की बात है। जैसा इन्होंने बताया कि कांट्रेक्ट लेबर अबोलिशन एंड रेगुलेशन एक्ट है . . . . । उसमें कोई बंदिश भी नहीं है कि कंट्रेक्ट लेबर नहीं रखा जाएगा। इसको रेगुलेट किया जाता है कि कंट्रेक्ट लेबर किस तरीके से रखे जाएंगे, क्या-क्या उनको सुविधाएं दी जाएंगी। यह सब स्टेट गवर्नमेंट का काम है। स्टेट गवर्नमेंट एडवाइजरी कमेटीज बनाती है। किसी महकमे में कंट्रेक्ट लेबर किस प्रकार से रखे जाएंगे, इस बारे में स्टेट गवर्नमेंट के और सेन्ट्रल गवर्नमेंट के नियम हैं, एक्ट हैं। जितने भी कंट्रेक्ट लेबर रखे जाते हैं उनके बारे में स्टेट गवर्नमेन्ट्स लेबर लाज को लागू करती होंगी। स्टेटों में कंट्रेक्ट लेबर रेगुलेशन और एवोल्यूशन एक्ट बने हुए हैं। सरकार उसका भी इस्तेमाल करती है। अगर कहीं कोई केस हमारी नोटिस में आए कि कंट्रेक्ट लेबर बिना लायसेन्स के रख दिया गया है तो हम उसकी जांच-पड़ताल करने के लिए तैयार हैं।

आनरेबल मेम्बर ने बताया कि चोरियां बहुत होती हैं और बहुत नुकसान होता है। टोटल लौस जितना पिलफ्रेज में और ट्रांजिशन में होता है उसका जो अन्दाजा मुझे बताया गया है वह 1.3 परसेन्ट का है। जितना अनाज एफ० सी० आई० हैन्डल करता है उसका 1.3 फीसदी टोटल लौस पड़ता है। यह लौस बहुत ज्यादा नहीं है, जैसा कि मैंने अपने स्टेटमेन्ट में भी बताया है। जितना भारी इस विभाग का कारोबार है उसके मुताबिक एक फीसदी या सवा फीसदी डैमेज ज्यादा नहीं है। ट्रांजिशन में जो लौस होता है और जो चोरी हो जाती है वह भी इसमें आ जाता है। मैं नहीं यह कहता कि चोरी नहीं होती है। इतना बड़ा जहां कारोबार हो वहां कुछ न कुछ तो धांध-लियां होती ही हैं। लेकिन जब वे नोटिस में आती है तो हम अफसरों को भेजते हैं और उन बातों की इन्क्वायरी की जाती है और एक्शन भी लिया जाता है। इस बात को मैं नहीं कहता कि सब काम कायदे-कानून के मुताबिक चल रहा है। अगर मैं यह बताऊं कि इतने मामलों में स्टेटों में मुकदमें चल रहे हैं तो फिर यह पूछा जाएगा कि कितनों को सजाएं मिली हैं। और कितने मामले अभी पेंडिंग हैं। जहां कहीं भी इस तरह के वाकयात होते हैं तो उनकी इन्क्वायरी होती है और उनके ऊपर एक्शन भी लिया जाता है क्योंकि अगर सेफ्टी न की जाय तो एफ० सी० आई० का इतना बड़ा काम है, यह सब ठप्प हो जाएगा।

अमृतसर और गया के गोदामों का भी जिक्र किया गया है। गया में एयर फील्ड के पास जो गोदाम है उसमें आग लग गई थी। मेरे नोटिस में यह बात आई

और अखबारों में भी इस बारे में रिपोर्ट आई थी। उसकी इन्क्वायरी हो रही है और रिपोर्ट पुलिस में दर्ज हुई है। अगर उसमें किसी आदमी की शरारत निकली तो उसको अवश्य सजा दिलाई जाएगी। मैं यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस तरह के वाकयात न हों, इसकी हम पूरी कोशिश करते हैं। अमृतसर के पास कुछ गेहूं के खराब होने की रिपोर्ट हमारे पास आई थी और प्रेस में भी यह बात छपी थी। हमने इसकी रिपोर्ट मंगाई और पूरी देखरेख करने के लिए अफसरों को भेजा। हमें यह मालूम हुआ कि वहां पर कुछ अनाज पहले से ही पड़ा हुआ था और वह ओपन में था। जब गेहूं का प्रोक्योरमेन्ट हुआ तो जगह न होने की वजह से इस गेहूं को एक झील के पास खाली जगह में रखना पड़ा। उस अनाज को पहले ही काफी क्लीयर कर दिया गया था। इस बारे में जो रिपोर्ट प्रेस में आई थी वह गलत बात थी, काफी एक्जेजरेटेड रिपोर्ट थी। उसकी हम जांच-पड़ताल करा चुके हैं। माननीय सदस्य ने कहा कि वहां पर अनाज बंद पड़ा था। एफ० सी० आई० अनाज को बंद नहीं करता है। अगर कहीं लेबर के साथ कोई झगड़ा हो तो काम जरूर रुक जाता है और वह भी कुछ अर्से के लिए ही रुकता है। लेकिन आजकल सिर्फ वेस्ट बंगाल में तीन गोदामों में काम नहीं चल रहा है। वहां पर लेबर के कुछ डिसप्यूट्स हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि वहां भी लेबर के साथ कोई सेटलमेन्ट हो और एफ० सी० आई० के अफसरान इस काम को अच्छी तरह से निपटा लें। जैसा मैंने कहा है, लेबर यूनियन के साथ बकायदा बातचीत की जाती है। जहां पर 70 हजार वर्कर्स हों वहां कोई न कोई डिसप्यूट तो चलते ही रहते हैं। एफ० सी० आई० अपने काम को बकायदा कर रहा है। सूखे के मौके पर, ड्राउट के मौके पर शुगर पहुंचाने का काम और दूसरे अनाज को पहुंचाने का काम उसने बकायदा किया है। दूर-दराज के इलाकों में, नार्थ-ईस्टर्न एरियाज के अन्दर वक्त पर अनाज पहुंचाया है। इसलिए वहीं से कोई इत्तिला नहीं आई है कि अनाज की कमी की वजह से कहीं कोई मौत हुई हो और कोई नई मुसीबत पैदा हुई हो। वह चीज नहीं पैदा हुई इस देश के अन्दर। इसकी वजह से यह कहना पड़ेगा कि एफ० सी० आई० ने अपने काम को अच्छी तरह से निभाया है।

एफ० सी० आई० के काम की इन्क्वायरी के लिये गवर्नमेन्ट ने क्या कोई कमेटी मुकर्रर की है, यह माननीय सदस्य ने पूछा है। डिप्टी चेयरमैन साहब, आप तो जानते हैं कि पार्लियामेंट की पब्लिक अन्डरटेकिंग्स कमेटी है और एफ० सी० आई० भी ऐसी पब्लिक अन्डरटेकिंग है जिसके काम की जांच-पड़ताल पार्लियामेन्ट करा सकती है। 1970–71 के अन्दर पब्लिक अन्डर-टेकिंग्स कमेटी ने एफ० सी० आई० की जांच की। उसके बाद 1976–77 के अन्दर फिर इन सब बातों की जांच पार्लियामेन्ट की कमेटी ने की। 1979 में भी सारा मैटीरियल तैयार करके पब्लिक अन्डरटेकिंग्स कमेटी के पास भेज दिया गया था लेकिन उस सरकार का जो झमेला बढ़ता रहा उससे वह पब्लिक अन्डरटेकिंग्स कमेटी काम नहीं कर सकी। अगर और जांच की जरूरत हो तो पार्लियामेन्ट की कमेटी होती है इस काम के लिये। हमें बड़ी खुशी है अगर पब्लिक अंडरटेकिंग्स कमेटी पूरी तरह जांच करे कि एफ० सी० आई० के अन्दर क्या क्या कमियां हैं, उनका सारा हिसाब देखें ताकि वह हाउस के सामने पेश हो सके।

**श्री रामानन्द यादव** : इसके लिये अलग कमेटी बनाइये, हाई कमेटी बनाइये :

**राव बीरेन्द्र सिंह** : गवर्नमेन्ट ने कई बार कमेटियां बनाई हैं। एफ०सी०

**[राव बीरेन्द्र सिंह]**
आई के मुखतलिफ शोबों के काम की देखभाल के लिये अभी तक 11 बार गवर्नमेन्ट ने कमेटियाँ एफ० सी० आई० के कार्यों की जांच-पड़ताल के लिये बनाई हैं। इस तरफ सरकार का पूरा पूरा ध्यान है और उसमें कोई दिक्कत नहीं आयेगी।

एक सवाल माननीय सदस्य ने किया कि एफ० सी० आई० का अपना कैडर होना चाहिए, डेपुटेशनिस्ट इसमें नहीं लेने चाहिए, आफिसरों के अन्दर। यह उनकी अपनी ओपीनियन की बात है। इसमें मेरी राय मुखतलिफ है। अगर एफ० सी० आई० में डिपार्टमेन्टल आफिसर सब जगह, ऊपर से नीचे तक रखे जाँय तो मेरे ख्याल से उनके अन्दर बिरादरी-वाद आ जाता है। शायद, अगर कोई खराब है तो उसको पकड़कर सजा भी न देना चाहें, वह अपने महकमे की बदनामी को दबाने की कोशिश करेंगे, अगर ऐसी बात हो। लेकिन उसमें अगर दूसरे महकमे के एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर, सीनियर आफिसर रखे जाँय तो इससे एक तो सरकार को यह आसानी होती है कि उनका जब चाहे तबादला किया जा सकता है। लेकिन अगर डिपार्टमेन्टल आफिसर हर जगह रखे जायेंगे तो वे एफ० सी० आई० के बाहर कहीं जाने से रहे, हमेशा वहीं पर लगे रहेंगे। तो मैं यह समझता हूं कि यह तरीका जो अब चल रहा है यह उससे बहुत बेहतर है। सारा काम डिपार्टमेन्टल आफिसरों को सौंप दिया जाय इसमें सरकार को दिक्कत पड़ सकती है सही जानकारी हासिल करने के लिये। इसलिये इस मामले में कोई विश्वास दिलाने के लिये मैं तैयार नहीं हूं।

**श्री नरेन्द्र सिंह** (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, अभी कृषि मंत्री जी ने जो बयान दिया उससे ऐसा लगा जैसे कि फूड कारपोरेशन में कोई दिक्कत ही नहीं है और इस पर कोई घाटा नहीं है। घाटे के लिये मंत्री जी ने कहा कि उसको सब्सिडाइज्ड किया जाता है और वह फूड कारपोरेशन का घाटा नहीं हुआ। लेकिन हकीकत जो है, वास्तविकता जो है वह बिल्कुल दूसरी है। फूड कारपोरेशन में इतना घपला है, इतना घाटा है कि उसका अंदाजा लगाना कठिन है। मैं इसकी डिटेल्स में नहीं जाना चाहता। लेकिन दो-तीन सवाल मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं।

हमारे यहाँ जो फूड कारपोरेशन है इसके हैंडलिंग चार्जेज दुनिया में सबसे ज्यादा हैं ऐसा क्यों है ? क्या मंत्री जी कोई ऐसी स्कीम बना रहे हैं, उनके दिमाग में कोई ऐसी तजबीज है जिससे इन हैंडलिंग चार्जेज को कम किया जा सके। जैसे गेहूं को ले लें। गेहूं 115 रुपये में लिया जाता है, किसान से। उसके बाद इस समय यह 138-140 रुपये में कंज्यूमर्स को दिया जा रहा है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : 130 रुपये।

1 P.M.

**श्री नरेन्द्र सिंह** : 130 नहीं 138 रुपये। खैर जो हम लोगों की जानकारी है वह यह है कि 138 रुपये में दिया जा रहा है। जो हैंडलिंग चार्जेज हैं वह सब से ज्यादा हैं। इसको कम करने के लिए आप क्या उपाय सोच रहे हैं ?

दूसरा यह है कि इसमें जो भ्रष्टाचार है उसमें गोदाम के गोदाम बिल्कुल खाली रह जाते हैं और उसमें जो स्टोर किया जाता है वह भी गायब हो जाता है। इसको रोकने के लिए भी कुछ प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। तो क्या सरकार कुछ प्रभावी कदम उठाने पर विचार कर रही है जिससे भ्रष्टाचार को रोका जा सके और करप्शन को कम किया जा सके।

एक और बात यह है कि जो हमारी फूड कारपोरेशन है इसका कौन सा गोदाम कब बन्द कर दिया जाएगा यह भी तय नहीं रहता। इस पर भी एक प्लानिंग की जरूरत है। प्लानिंग भी इस तरह की हो। गेहूं पंजाब का है; उसको स्टोर कर दिया आपने तामिल नाडु में या किसी और ऐसे एरिया में जहां पर राईस ज्यादा कंज्यूम किया जाता है। उसके बाद फिर उसका ट्रांसपोर्ट करना पड़ा बिहार में तो इसके लिए जरूरी है कि इस तरीके की प्लानिंग हो कि जहां पर जिस तरीके के अन्न की जरूरत हो उसको उसी इलाके में स्टोर किया जाना चाहिए। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का इस के बारे में कोई योजना बनाने का इरादा है ?

एक और बात मैं यह जानना चाहता हूं कि जनता गवर्नमेंट ने मोरारका कमेटी फूड कारपोरेशन के सिलसिले में तमाम बातों की तहकीकात के लिए और सुझाव देने देने के लिए बनाई थी वह कमेटी भंग कर दी गई है। मैं यह जानना चाहूंगा कि जिन परिस्थितियों में वह कमेटी बनाई गई थी और जिन वाकयात की जानकारी के लिए फैक्ट्स को फाइन्ड आउट करने के लिए और जो सुझाव आने थे तो क्या वे परिस्थितियां समाप्त हो गई हैं ? अब फूड कारपोरेशन क्या बिल्कुल अच्छा विभाग बन गया है जिसमें अब किसी कमेटी और फरदर इनवेस्टीगेशन या जानकारी की कोई जरूरत नहीं है ?

अब यह जो फूड कारपोरेशन है इससे किसानों को कितनी कठिनाई होती है इसके बारे में भी मैं आपको जानकारी देना चाहता हूं। जो परचेजिंग सेंटरल फूड कारपोरेशन की तरफ से होते हैं वहां पर जब परचेजिंग शुरू होती है तो तमाम लोग कभी हड़ताल कर देते हैं, दो दो दिन तक किसान की बैलगाड़ी खड़ी रहती है और माल नहीं लिया जाता हैं। इस चीज को ध्यान में रखते हुए कि जब किसान वहां पर पहुंचे तो माल देने के लिए उसे कोई कठिनाई न हो इस बात को एश्योर करने के लिए क्या सरकार कुछ प्रयास करेगी, कुछ स्टेप्स उठायेगी ? यह भी हम जानकारी करना चाहते हैं ? *(Time bell rings)*

मैं बहुत जल्दी खत्म करूंगा। लासेज के बारे में मंत्री जी ने बताया कि यह बहुत साधारण तरीके का लास है। 1.3% का लास कोई बहुत ज्यादा लास नहीं है। इसके मायने हो गए कि एक क्विंटल में करीब डेढ़ किलोग्राम का लास तो मैं यह जानना चाहूंगा कि एक साल में 1.3% के हिसाब से कितने करोड़ रुपये का लास फूड कारपोरेशन को होता है और सरकार इस लास को कम करने के लिए क्या कोई प्रयास करेगी ? क्या आप इस सिलसिले में कोई कदम उठाना चाहते हैं ? अगर इरादा यह है कि नहीं यह तो कोई लास नहीं हुआ तब तो उस पर कोई कार्यवाही करने का, कदम उठाने का

[श्री नरेन्द्र सिंह]

सवाल ही नहीं उठता। (*Time bell rings*) हमारे मित्र श्री रामानन्द यादव जी ने बड़ी डिटेल में तमाम भ्रष्टाचार संबंधी बातों का उल्लेख किया। मैं डिटेल में नहीं जाना चाहता। किसी पार्टीक्यूलर जगह के लिए, किसी पार्टीक्यूलर दृष्टांत पर मैं नहीं जाना चाहता हूं लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि फूड कारपोरेशन में जितनी गड़बड़ियां हैं, उससे जो लोग हैं, जो जनता है, उसके मन में ऐसी राय है कि फूड कारपोरेशन की स्थापना जिस लिए हुई थी वह परपज सर्व नहीं हो रहा है, इसमें बड़ी बेईमानी है। तो मैं रामानन्द यादव जी की इस बात से सहमत हूं कि इस पर कोई कमेटी बनायी जानी चाहिए, वह बड़ी कमेटी न हो, दो तीन आदमियों की हो सकती है, कोई कमीशन भी हो सकता है जो सारी बातों की जांच करके फैक्ट्स सरकार के सामने रखे और उस पर कार्यवाही की जाय।

आखिरी बात। यह जो कान्ट्रैक्ट लेबर की बात है, उसके बारे में मैं कोई विस्तार से नहीं कहना चाहूंगा सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि ये जो कान्ट्रैक्ट लेबर हैं दरअसल इसको ज्यादा काम करना पड़ता है बनिस्बत रेगूलर लेबर के और उसका पेमेंट भी इन्श्योर्ड नहीं होता है तो मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि आप क्या कुछ ऐसे कदम उठायेंगे, आप कोई ऐसा तरीका अख्तियार करेंगे जिससे कि ये जो गरीब आदमी हैं कान्ट्रैक्टर जिनका शोषण करता है, इनको शोषण से बचाया जा सके और उनको भी वही वेतन मिल सके जो रेगूलर लेबर को मिलता है। एक और चीज है कि ये जो कान्ट्रैक्ट लेबर है इन्हें बहुत समय तक बेकार बैठना पड़ता है। साल में मुश्किल से छः महीने बेचारों को काम मिलता है और छः महीने बेकार तो इसके लिए भी कुछ न कुछ व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी, ये जो मैंने एक आयोग या कमीशन या कमेटी की बात कही है, उस पर अवश्य विचार करेंगे।

**श्री उपसभापति** : उसका उत्तर दे चुके हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : डिप्टी चेयरमैन साहब, बहुत सी चीजों का जवाब तो मैं पहले दे चुका हूं। श्री नरेन्द्र सिंह जी ने ऐतराज किया है कि यह बात गलत है कि फूड कारपोरेशन में घाटा नहीं है। मैंने यह तो नहीं कहा कि फूड कारपोरेशन में घाटा नहीं है। एक एजेंसी एक सोशल सर्विस अगर इतनी भारी तादाद जिस मुल्क में आबादी की हो, उसके लिए बनायी जाती है तो उस पर खर्च तो होता है। उसको चाहे आप घाटा कह लीजिए, चाहे मुनाफा समझ लीजिए... (*Interruptions*) एक सर्विस दी जा रही है। हम प्रोक्योर करते हैं मिनिमम सपोर्ट प्राईस के मुताबिक जो गवर्नमेंट तय करती है। किसानों को इजाजत है उससे ऊपर उनका अनाज बिकता है तो कहीं बेचें, किसी को बेचें लेकिन जब वह नहीं बिकता है तो सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाती है उससे दो परपज सर्व होते हैं। एक यह है कि किसानों का अनाज मंडियों के अन्दर पड़ा नहीं रहता है, खरीद लिया जाता है उसका नुकसान नहीं होता है। दूसरा फिर उसी अनाज को कन्ज्यूमर के लिए सस्ते दाम पर एफ० सी० आई० देती हैं। श्री नरेन्द्र सिंह जी की स्टेट गवर्नमेंट अगर 138 रुपये पर दे रही हो गेहूं तो हमें इस बात का इल्म नहीं है। एफ० सी० आई० का इश्यू प्राईस गेहूं का

123 रुपये है और यू० पी० में 138 रुपये कर दिया जा रहा है तो आठ रुपये स्टेट गवनमेंट चार्ज करती होगी अपने हैण्डलिंग चार्जेज के और इश्यू के ऊपर जो खर्च होता है। तो वह यू० पी०. . .

**श्री नरेन्द्र सिंह :** कन्ज्यूमर को कितने पर मिलता है ?

**राव बीरेन्द्र सिंह :** कन्ज्यूमर के लिए 130 रुपये पर एफ० सी० आई० अपने गोडाउन से स्टेट गवर्नमेंट को पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के लिए देती है। 130 रुपये के ऊपर. . .

**श्री नरेन्द्र सिंह :** 130 रुपये . . .

**श्री उपसभापति :** यह बात स्पष्ट हो गयी है कि 130 रुपये इनके यहां हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** इश्यू प्राइस हमारे यहां 130 रुपये है। अगर उससे ऊपर किसी स्टेट में मिल रहा है तो इसका मतलब स्टेट गवर्नमेंट और ज्यादा खर्च लगा रही है या उनकी डिस्ट्रीब्यूटिंग एजेंसियां जो हैं उन पर ज्यादा खर्च हो रहा है। तो यह भारत सरकार के काबू के बाहर की बात हैं। जितना खर्च होता है एफ० सी० आई० हैण्डलिंग का स्टोरेज का, इंटेरेस्ट का पैसा लगता है, आखिर कुछ तो खर्च होता है। वह सारा ब्यौरा मैं दे चुका हूं, ब्रेक अप बता चुका हूं, उसके ऊपर एफ० सी० आई० के चार्जेज ज्यादा नहीं हैं। उसके ऊपर एडमिनिस्ट्रेटिव चार्जेज ज्यादा नहीं हैं। आपने फरमाया है कि हैण्डलिंग चार्जेज हिन्दुस्तान के अन्दर दुनिया भर में सब से ज्यादा हैं। शायद उन्हें अन्दाजा नहीं कि दुनिया के अन्दर लेबर कितनी मंहगी हैं, बाहर मुल्कों के अन्दर खास तौर से एडवांस्ड कण्ट्रीज में। अगर कहीं आप बाहर गये हों तो आपका बैग उठाने के नाम का एयर-पोर्ट पर दस डालर से कम कोई उठाने का नहीं लेता है। इससे कम फैंक देता है। यहां तो एक क्विंटल उठाने की बात बताई है कि कन्ट्रैक्ट लेबर बहुत सस्ती उठाती है।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही (उत्तर प्रदेश) :** अनुपातिक, मंत्री जी।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** पता नहीं क्या मतलब हुआ। हिन्दी तो मैं इतनी जानता नहीं हूं।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही :** परसेंटेज में।

**श्री उपसभापति :** प्रोपोर्शनेट।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** प्रोपोर्शनेटली यहां हिन्दुस्तान के अन्दर जो खर्चा हमारा एफ० सी० आई० में बैग हैंडलिंग पर होता है उसका तो मैं आपको और पूरा बता सकता हूं।

SHRI NAGESHWAR PRASAD SHAHI: It is said that it is the highest in the world. हैंडलिंग चार्जेज दुनिया के सारे देशों से आपके यहां जो परसेंटेज है कास्ट पर वह हाईऐस्ट है।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** मैं तो यही अर्ज कर रहा हूं कि यह ख्याल ठीक नहीं है।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही :** हमको कंपरेटिव चार्ज दे दें आप।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** पीछे कुछ अर्सा हुआ गवर्नमेंट ने आल इंडिया फेडरेशन आफ फूडग्रेंस डीलर्स से पता किया था कि अगर एफ० सी० आई० की बजाय आप यह हैंडलिंग करें और अनाज खरीदें और स्टोर करें और फिर सरकार के

[राव बीरेन्द्र सिंह]

बताए हुए दामों पर आप हमें इश्यू के लिए दें तो आप कितना खर्चा लेंगे ? तो जो खर्चा फूडग्रेंस डीलर्स की एसोसिएशन ने बताया वह फूड कारपोरेशन आफ इंडिया की कास्ट से कहीं ज्यादा था । इसलिए यह बात सरकार ने नहीं की... (*Interruptions*).

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही :** अगर यह ज्यादा होती तो फिर बाजार में बाकी गेहूं सस्ती कैसे बिकती ?

**राव बीरेन्द्र सिंह :** आप अगर इसका एतबार न करें तो मेरे पास कोई बात नहीं है । जो मेरे पास इनफार्मेशन है मैं वह बता रहा हूं ।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही :** लेकिन मैं यह कह रहा हूं कि उन्होंने किसी खास कारण से यह बात कही होगी ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** पता नहीं कि वह क्या कारण होगा, या काम नहीं करना चाहते होंगे, या वे लोगों की सुविधा के लिए मुसीबत में नहीं पड़ना चाहते होंगे । सरकार तो यह अपना फर्ज समझती है, हमें तो यह काम करना है जनता के लिए ।

**श्री सदाशिव बागाईतकर** (महाराष्ट्र) : उपसभापति जी . . .

**श्री उपसभापति :** उनको आप जवाब देने दीजिए; नहीं तो दूसरे मेम्बर छूट जायेंगे ।

**श्री सदाशिव बागाईतकर :** मैं एक चीज की तरफ उनका ध्यान खींचना चाहता हूं जो उन्होंने अमरीका में हैंडलिंग चार्जेज वगैरह के बारे में बताया . . . (*Interruptions*)

**राव बीरेन्द्र सिंह :** अमरीका का तो नहीं बताया ।

**श्री उपसभापति :** उन्होंने बयान दिया अपना । यह नहीं कहा ।

**श्री सदाशिव बागाईतकर :** मैं चाहूंगा कि वे इस बात का भी ध्यान रखें कि अमरीका में मिनिमम एग्रीकल्चरल वेजेज के अनुसार फी घंटा पांच डालर उनको मिलता है ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** हमारे मुल्क में जो कन्ट्रैक्ट लेबर बोरिया इधर से उधर उठाती है, हमारे हैंडलिंग चार्जेज 31 पैसे से लेकर 50 पैसे तक है, एक बैग के लिए । तो यह कोई ज्यादा चार्जेज नहीं हैं हैंडलिंग के—एक क्विंटल के बैग के लिए यह काफी सस्ता है इस हिसाब से ।

मोरारका कमेटी किन हालात में तोड़ी गई थी, वह बयान मैं हाउस के अन्दर दे चुका हूं । लेकिन सरकार का यह मकसद नहीं था तोड़ने में कि आइंदा कोई जरूरत नहीं है हमें कि एफ०सी० आई० के वकिंग को देखने के लिए । जैसे मैंने पहले कहा कि बहुत सी कमेटियां पहले बनाई है सरकार ने हर चीज की जांच के लिए और पार्लियामेंट को भी अधिकार है पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज के काम को देखने का । वह तो सिर्फ इसलिए तोड़ी गई थी कि जो टर्म्स आफ रैफरैंस उस वक्त थे खास चीज के लिए, उसके बाद अब हालात ऐसे हो गये हैं कि हमें शायद और ज्यादा जांच कराने की जरूरत पड़े और कुछ नई बातें हैं, हम उनको सोचने के लिए किसी कमेटी को दें यह सरकार इस बात पर विचार करे कि एफ० सी० आई० का आपरेशन चार-

पांच करोड़ का हो गया है, क्या एक अन्डरटेकिंग सारा काम ठीक तरह से संभाल सकती है या इसके काम को बांटा जाए, घटाया जाए या कोई और दूसरी आर्गेनाइजेशन बनाई जाए, इन सारी बातों के लिए सरकार विचार कर रही है। इस सिलसिले में फिर अगर कोई कमेटी बनाने की जरूरत पड़ेगी, तो जरूर बनाई जाएगी। स्टोरेज की दिक्कत की वजह से बाज दफा नुक्सान ज्यादा हो जाता है। श्रोपन में भी स्टोरेज किया जाता है गोदाम काफी नहीं हैं। लेकिन स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाने के लिए भी सरकार का ध्यान है। लेकिन जो फाइनेन्शियल स्ट्रेन्स हैं वह तो आनरेबल मेम्बर जानते ही हैं। इस वक्त कोई 77 लाख टन की कैपेसिटी है एफ० सी० आई० की अपने गोदामों की और इसको भी और आगे बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। इसमें 77 लाख टन तो एफ० सी० आई० की अपने गोदामों की कैपेसिटी है फिर हायर्ड भी हैं—85 लाख टन के करीब हायर्ड में है। फिर ओपन में भी रखा जाता है वह भी 65 लाख टन के करीब है और इसके अलावा सेन्ट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और गोदाम बनाने के लिए वर्ल्ड बैंक की स्कीम है, ए० आर० डी० सी० की स्कीम है उसके नीचे गोदाम बन रहे हैं ताकि यह नुकसान न हो पाए। एफ० सी० आई० का गोदाम बढ़ाने का प्लान है और कैपेसिटी हम बढ़ा रहे हैं। यह जब हो जाएगा तो जितना नुकसान हो रहा है वह घटेगा।

श्री नरेन्द्र सिंह ने पूछा 1.3 परसेन्ट जो लाभ होता है उसके ऊपर कितने करोड़ रुपये का नुकसान होता है। चार-पांच हजार करोड़ रुपये का जहां टर्न ओवर होता हो और जहां 20 मिलियन टन तक स्टोरेजिंग एफ०सी०आई० रखता रहा हो उस में नुकसान 1.3 परसेन्ट का मैं कम तो नहीं बता रहा हूं क्योंकि अगर इसको भी रकम देखी जाय तो भी काफी रकम आएगी। 40—45 करोड़ रुपये के बीच में एक साल में यह नुकसान पहुंचता है। लेकिन जहां चार-पांच हजार करोड़ का मामला हो उसमें अगर 40—50 करोड़ रुपये किसी वजह से नुकसान हो जाता है—बारिश भी आ गई, तूफान भी आ गया चोरी भी हो गई—अनाज तो घरों में भी काफी सड़-गल जाता है आदमी कितनी अहतियात रखे इतना गोदामों के अन्दर नुकसान हो जाता है। तो इतनी बड़ी परेशानी की बात नहीं है लेकिन इसको घटाने की सरकार कोशिश कर रही है। एफ०सी०आई० के अन्दर जहां जहां कमियां मिलती हैं उसको हम ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार का काबू भी और ज्यादा इस पर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक पब्लिक अण्डरटेकिंग है, कारपोरेशन है। आप जानते हैं इन मामलों में सरकार के लिए बाज दफा दखल देना बड़ा मुशकिल हो जाता है। अगर सरकार ज्यादा दखल दे तो आनरेबल मेम्बर भी कुछ कहने वाले हो जाते हैं कि इन्टरफेयरन्स हो रहा है कारपोरेशन के काम में। अब हम सवारी गांठे तो भी मुशिकल ढीला कर दें तो भी हमारी मुशकिल। जवाब देना पड़ता है सरकार को मिनिस्टर्स को अब मैं कोशिश कर रहा हूं पब्लिक अण्डरटेकिंग के अन्दर जहां हम ऐसा देखेंगे कि बहुत ही खुद मुख्तयार हो गए हैं अफसरान तो मेरी कोशिश होगी कि वहां थोड़ा सा नियंत्रण लागू करेंगे।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : हम चाहते हैं आप सवारी जरूर गांठे।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** अगर आप मदद देंगे । इस मामले में उसकी जरूरत मैं महसूस करता हूं । उस चीज को काफी ठीक किया जा सकता है और नुकसान को घटाया जा सकता है । इंतजाम को बेहतर बनया जा सकता है । लेकिन उसके लिए हाउस के सहयोग की भी जरूरत है । सरकार की मन्शा जरूर है कि जितना नुकसान होता है एफ० सी० आई० में उसको रोका जाए और जैसा मैंने कहा वह उतना बड़ा कारपोरेशन है उसमें नुकसान ज्यादा है . . .

**श्री उपसभापति :** अभी बहुत ज्यादा बोलने वाले हैं ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** यह कहा गया कि कांट्रेक्ट लेबर को काम नहीं मिलता है और कांट्रेक्ट लेबर नुकसान में रहता है बहुत दिनों बेकार बैठा रहता है । अगर कांट्रेक्ट लेबर को फायदा न हो तो वह कोई दूसरा काम करे । वे एफ० सी० आई० के काम के लिए हो रहते हैं ।

SHRI KALYAN ROY (West Bengal): This is very unfair to the labour in our country. (Interruptions). What is it? (Interruptions).

**श्री उपसभापति :** अब आप बैठिए ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** कोशिश यही की जाती है कि जो लगे बंधे वर्कर्स हैं उनको ज्यादा से ज्यादा काम दिया जाए । उनकी जगह दूसरे भी नहीं आते । उनको काम पर लगाए रहें इसकी कोशिश होती है और जो कांट्रेक्ट लेबर हैं उसके लिए हम कोशिश करते हैं कि काम ज्यादा से ज्यादा मिले । कुछ ऐसे वर्कर्स भी हमारे हैं जिन को काम नहीं मिलता है तो उनको कुछ अलाउंस दिया जाता है ताकि वे इंतजार में रहें और उन को बिल्कुल खाली न रहना पड़े । मंडियों के अन्दर सुविधा की बात नरेन्द्र सिंह जी ने की । वह एफ० सी० आई० का काम नहीं है । वह मार्केटिंग कमेटीज़ करती हैं । और सरकार की तरफ से जो दूसरी सुविधाएं दी जाती हैं वह दूसरी बात है । इस मामले में इस वक्त उसका जिक्र करना मैं ठीक नहीं समझता ।

**श्री नरेन्द्र सिंह :** एक मिनट ।

**श्री उपसभापति :** अब नहीं । बैठ जाइये ।

**श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** (मध्य प्रदेश) : उपसभापतिजी, माननीय कृषिमंत्री जी ने एफ० सी० आई० के सम्बन्ध में कई बातें कहीं, यह ठीक है कि कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने जवाब दिया है । अगर राव बीरेन्द्र सिंह बोलते तो वह शायद दूसरी बात कहते । सारे देश भर और सदन के सब लोगों को मालूम है, जैसा माननीय यादव जी ने भी कहा, कि एफ०सी०आई० में कितना भ्रष्टाचार है ।

**श्री उपसभापति :** खंडेलवाल जी जो बातें कहीं जा चुकी हैं उन्हें न दोहराइये ।

**श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** मेरा यह कहना है कि सब मिला कर एफ० सी० आई० तीन काम करती है और तीनों कामों में बहुत भ्रष्टाचार है । सब से महत्व की बात यह है कि एफ० सी० आई० जिन केन्द्रों से अनाज खरीदता है वहां पर व्यापारियों और अधिकारियों की मिली हुई सांठगांठ होती है, वहां भ्रष्टाचार होता है। भंडारण के लिए अनाज को लाने ले जाने का काम जब होता है तब वहां भ्रष्टाचार होता है। कई बार कहा जाता है कि वैगनों की कमी है, लेकिन जब कभी वास्तव में वैगन मिलते हैं, तब भी रोड ट्रांसपोर्ट से माल ले जाया जाता है इसलिए वैगन की कमी बताकर भ्रष्टाचार किया जाता है। तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि जो उपभोक्ताओं तक माल पहुंचाने का काम होता है उसमें भी एफ० सी० आई० में भ्रष्टाचार होता है । अभी कुछ दिन पहले

